ंआकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 08.12.2024
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में आज से शीतकालीन चार धाम यात्रा शुरू होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रूद्रप्रयाग स्थित ओंकारेश्वर मंदिर से करेंगे शुभारम्भ।

- प्रदेश में नौ हजार फिट से अधिक ऊचांई पर तैनात होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को 200 रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश के लिये टीबी उन्मूलन के 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया।

- और, प्रदेश के ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना ।

.......................................................................................

<u>शीतकालीन यात्रा</u>

उत्तराखंड में आज से शीतकालीन चार धाम यात्रा की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रूद्रप्रयाग स्थित ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से इसका शुभारम्भ करेंगे।

कल शाम रूद्रप्रयाग जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। शीतकालीन यात्रा को लेकर भी सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है। आगामी दिनों में चार धाम यात्रा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक भी की जानी है।

जिले के सारी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, सारी एक आदर्श गांव है जहां 40 से भी ज्यादा होम स्टे हैं और ये राज्य की आर्थिकी का साधन बन रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने लोगों से क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने महिलाओं संग झुमैला नृत्य भी किया और महिला मंगल दल को एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

.................................................................................

<u>घोषणा</u>

प्रदेश में नौ हजार फिट से अधिक ऊचांई पर तैनात होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को पुलिस कार्मिकों और एस०डी०आर०एफ० की तरह ही 200 रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। साथ ही होमगाड्र्स विभाग के राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रत्येक 3 वर्ष में दिये जाने वाले वर्दी भत्ता को प्रतिवर्ष किया जाएगा। होमगाड्र्स स्थापना दिवस के अवसर पर कल देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। श्री धामी ने एस०डी०आर०एफ० जवानों के साथ प्रशिक्षित होमगाड्र्स को तैनाती होने पर 100 रुपए प्रति जवान को प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूरा करने वाले होमगाड्र्स को होमगाड्र्स कल्याण कोष से दी जाने वाली अनुग्रह राशि में 50 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी भी की जाएगीं।

.................................................................................

<u>मुख्य निर्वाचन अधिकारी</u>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी.पुरुषोत्तम ने देहरादून के विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत चल रहे सुपर चेकिंग अभियान का फीडबैक भी लिया। डॉ.पुरुषोत्तम ने कांवली रोड, कांवली गांव, बिंदाल पुल, माजरा, ओल्ड डालनवाला सहित कई बूथों पर रेण्डमली चयनित दावे व आपत्तियों के बारे में जानकारी ली और मतदाताओं से उनकी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की कि वे एक जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वालों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराएं।

.................................................................................

<u>टीबी मुक्त उत्तराखण्ड</u>

केंद्र सरकार ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सौ दिन का राष्ट्रव्यापी टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया है। उत्तराखंड में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादन से प्रदेश के लिये टीबी उन्मूलन के 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया। 100 दिवसीय टी०बी० उन्मूलन अभियान के लिये राज्य के आठ जिलों बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, पिथोरागढ़ और रुद्रप्रयाग का चयन किया गया है। अभियान के अंर्तगत चयनित जिलों में कमजोर आबादी की मैपिंग करते हुए सक्रिय टी०बी० मामलों की खोज, निदान, तय समय के भीतर उपचार आरंभ करना और रोगियों को नि—क्षय मित्र के माध्यम से पोषण संबंधी सहायता करना शामिल है। टी०बी० उन्मूलन अभियान का लक्ष्य उच्च जोखिम वाली आबादी में रोगियों को खोजने के प्रयासों को तेज करना, अधिक से अधिक जागरूकता प्रदान करना और टी०बी० उन्मूलन कार्यक्रम में उपलब्ध सेवाओं को जन—जन तक पहुंचाना है।

.....................................................................................

प्रधानमंत्री–सोशल मीडिया पोस्ट ऑन टीबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि टीबी के खिलाफ देश की लड़ाई 100 दिन के विशेष अभियान की शुरुआत से और मजबूत हुई है, जिसका फोकस टीबी के उच्च बोझ वाले जिलों पर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत टीबी से बहुआयामी तरीके से लड़ रहा है, जिसमें मरीजों को दोगुना समर्थन, जनभागीदारी, नई दवाएं, प्रौद्योगिकी का उपयोग और बेहतर नैदानिक उपकरण शामिल हैं। उन्होंने सभी से एक साथ आने और टीबी को खत्म करने में अपना योगदान देने की अपील की। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निक्षय मित्र और कम समय में प्रभावी उपचार जैसी पहलों ने टीबी के मामलों में उल्लेखनीय कमी की है, रिकवरी दर में सुधार किया है और टीबी से लड़ने में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत किया है।

.....................................................................................

मौसम

प्रदेश के सभी जिलों में आज कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसके अलावा, राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में मौसम विभाग ने बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने मैदानी क्षेत्रों, विशेषकर हरिद्वार और ऊधमसिहं नगर में कहीं–कहीं धुंध छाए रहने की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग ने पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में धुंध के चलते आवाजाही करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

.....................................................................................

शीतलहर से बचाव

प्रदेशभर में बढ़ती ठंड के मद्देनज़र राज्य के सभी जिलों में रैने बसेरों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रशासन, आनंद स्वरूप ने महत्वूपर्ण चौक चौराहों, बस तथा रेलवे स्टेशनों सहित ऐसे स्थानों पर, जहां रात में लोग रुकते हैं, वहां आलाव की व्यवस्था करने को कहा। देहरादून में सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ शीतलहर से बचाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री स्वरूप ने आवश्यकता पड़ने पर रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए हर जिले के लिए दस लाख रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है।

.....................................................................................

और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में धामी सरकार ने होमगार्ड जवानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की है.. हिंदुस्तान, राष्ट्रीय सहारा समेत कई समाचार पत्रों ने इस खबर पर को पहले पृष्ठ पर प्रमुखता दी है... अमर उजाला लिखता है– ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती पर होमगार्ड को मिलेगा 200 रूपये प्रतिदिन का भत्ता। हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखड़ में होमगार्ड को वर्दी भत्ता अब हर साल मिलेगा।

वहीं प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक बढ़ती ठंड और मौसम विभाग द्वारा दी गई बारिश व बर्फबारी की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों के जरूरी निर्देश दिए है, दैनिक जागरण खबर नें लिखता है– शीत लहर से बचाने के लिए जिलों को 10–10 लाख की धनराशि जारी की गई। रैन बसेरों में पर्याप्त व्यवस्थाएं और प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए।

उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त बनाने के प्रयास जारी, हिन्दुस्तान इस ख़बर पर लिखता है– राजनभवन में नशामुक्त उत्तराखंड पर गोष्ठी का आय़ोजन, विशेषज्ञ बोले– कम उम्र से ही बच्चों को नशे के प्रति करें जागरूक, राज्यपाल बोले– नशीले पदार्थ बनाने वालों की जड़ों को नष्ट करना होगा।

दैनिक जागरण ने एक ख़बर पर अपना शीर्षक दिया है– उत्तराखंड में सालभर के भीतर बनाई जाएगी बुग्याओं की एटलस। समाचार पत्र के मुताबिक एटलस में बुग्यालों का पूरा ब्यौरा होगा और इसे उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के सहयोग से बनाया जाएगा।

आर्मी कैडेट कॉलेज के 44 कैडेट आई.एम.ए की मुख्य धारा में शामिल। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पासिंग आउट परेड से पहले आयोजित की गई सेरेमनी, 124वें दीक्षांत समारोह में कैडेट्स को दी गई उपाधि।

संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकार वचनबद्ध, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इन शब्दों रूद्रप्रयाग नवभारत टाइम्स ने प्रमुखता के साथ लिखा है।

.....................................................................................